भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 129

जिसका उत्तर 29.01.2026 को दिया जाना है

लखनऊ-सीतापुर छह लेन का राष्ट्रीय राजमार्ग

129. श्री राकेश राठौर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या लखनऊ-सीतापुर छह लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त परियोजना को अनुमोदित किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उक्त परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा क्या है और इसकी अनुमानित लागत कितनी है; और

(घ) क्या सरकार का उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास हेतु नवीनतम प्रौद्योगिकीय और पर्यावरण अनुकूल नवाचारों का प्रयोग करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) लखनऊ-सीतापुर राजमार्ग के 6-लेन निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए परामर्शी सेवाएं दिनांक 14.01.2026 को सौंपी गई है। परियोजना का अनुमोदन डीपीआर के परिणाम पर आधारित होगा जिसमें व्यवहार्यता, यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल शामिल है।

*****